हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 3 जुलाई 2024



14 जीवन में सफल होना है, तो किताबों से मित्रता कर लो





13 बाजार में अव्यवस्था के कारण लोगों को हो रही ...







छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24


## खबर संक्षेप

### पेंशनर समाज की बैठक 6 को

**बालोद/अर्जुन्दा।** तहसील पेंशनर समाज की बैठक 6 जुलाई को संकुल केंद्र भवन अर्जुंदा में दोपहर 12 रखी गई है। इस बैठक में सदस्यता एवं आय-व्यय की जानकारी दी जाएगी। यह जानकारी सचिव सीएल देवांगन ने दी।

### पेंशनरों की बैठक 5 को

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील शाखा डौण्डीलोहारा की आगामी बैठक 5 जुलाई को दोपहर 12 बजे से कृषि पेंशनर भवन में रखी गई है। इस बैठक में बालोद जिला एवं तहसील डौण्डीलोहारा का वार्षिक सदस्यता शुल्क जमा करने, आय-व्यय का हिसाब, नव निर्माण पेंशन भवन के सामने का समतलीकरण व अहाता निर्माण एवं 14 जुलाई रविवार को नव निर्मित पेंशनर भवन के उद्घाटन की रूपरेखा के संबंध में चर्चा की जाएगी। सियाराम शार्वा अध्यक्ष डौण्डीलोहारा ने उक्त जानकारी देते हुए कहा है कि यदि व्यक्तिगत समस्या हो, तो अपने साथ आवेदन पत्र लेते आएं, ताकि निराकरण किया जा सके।

### रवेली खार से केबल चोरी, अपराध दर्ज

**भिलाई।** किसान के खेत से केबल चोरी करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पाटन पुलिस ने बताया कि ग्राम राखी निवासी नकुल लाल ने शिकायत किया है कि रवेली खार में उसका खेत है। जहां मोटर पंप के लिए सौर ऊर्जा का पैनल लगाया गया है। सोमवार की सुबह किसान खेत में बीज डालने के लिए पहुंचा था। जहां से सौर ऊंर्जा से पंप तक गई केबल वायर को अज्ञात ने पार कर लिया है। पाटन पुलिस ने दोपहर 2 बजकर 10 मिनट में नए कानून के तहत जुर्म दर्ज किया है। पाचन थाना जिले में नए कानून के तहत पहला अपराध कायम करने वाला थाना बन गया है।

### मैनेजर घर में घुसकर पत्नी से किया विवाद

**भिलाई।** बिना कारण के युवक द्वारा मैनेजर के घर में घूसकर उसकी पत्नी के साथ गाली गलौज विवाद करने लगा। शिकायत पर पुलिस ने नए कानून के तहत धारा 115 (2), 296 का मामला दर्ज किया है। वार्ड 10 सुभाष नगर जामुल निवासी गौरव पाण्ड्ेय बजाज फायनेंस में मैनेजर के पद पर है। मोहल्ले का मनोज यादव 30 जून की शाम घर आकर पत्नी से गाली गलौच किया। बिना कारण के विवाद कर रहा था। कार की कांच को तोड़ने की धमकी देकर चला गया। सुबह पार्किंग में खड़ी कार स्क्रेच पड़ा था। तब मनोज यादव को स्क्रेच करने को लेकर बात करने पर उसने मारपीट कर गाली गलौज किया। घटना में पीडित के दांत में व दाहिने पैर, पीठ में चोंटे आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बीएसपी में मृत मिला अज्ञात व्यक्ति, हड़कंप

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के पॉवर सिस्टम विभाग में ब्लास्ट फर्नेस–6 के पीछे सब स्टेशन 15 एफ में एक संदिग्ध व्यक्ति पड़ा हुआ था। घटना की जानकारी सुबह 7:50 बजे मिली। तत्काल मेन मेडिकल पोस्ट से एम्बुलेंस भेजी गई। सब स्टेशन 15 एफ बंद था जिसे खोलकर व्यक्ति को निकाला गया।

# पीएम आवास के लिए कलेक्टोरेट पहुंची महिला को लगा झटका

## अधिकारियों ने बताया उसके आधार कार्ड से मिल चुका है योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मंगलवार को कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जहां प्रार्थी महिला के आधार नंबर पर आवास योजना का लाभ मिलना बताया जा रहा है। जबकि उसके परिवार में आज तक किसी को भी आवास नहीं मिला है।

दरअसल बालोद जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत खेरथाडीह में एक महिला सुखमा बाई बीते करीब 45 सालों से कच्चे मकान में रह रही है। 3 जनवरी 2024 को ग्राम सभा में आवास प्लस सूची में महिला का नाम व रजिट्रेशन आईडी क्रमांक 143094175 है, जो पात्र सूची में नाम था। जब





### परिवार में चार लोग, किसी के नाम से नहीं मिला आवास

दरअसल महिला ने आवास के संबंध में जानकारी ली तो संबंधित विभाग द्वारा कहा गया कि आपके नाम के आधार कार्ड से पीएम आवास योजना का लाभ मिल चुका है। महिला सोच में पड़ गई उन्हें कुछ समझ ही नहीं आया। महिला सुखमा बाई ने बताया कि उनके परिवार में चार लोग हैं वह स्वयं, उनके पति, बेटा और बहू। इनमें से किसी को भी पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि हम चारों में से किसी के भी आधार कार्ड से हमें योजना का लाभ नहीं मिला है, तो उनके आधार कार्ड से किसी दूसरे को इस योजना का लाभ कैसे मिल गया, यह जांच का विषय है।

महिला अपने कच्चे व जर्जर मकान को तोड़कर पीएम आवास योजना के तहत लाभ पाने पक्का मकान बनाने तैयारी में जुटी, तो वर्तमान में नई सूची भेजी गई। उक्त सूची आवास प्लस में उनका नाम नहीं है। महिला सुखमा बाई ने बताया कि विगत 45 वर्ष से मिट्टी के कच्चे मकान में निवासरत हैं। वर्तमान में मकान जर्जर स्थिति में है। आर्थिक परिस्थिति कमजोर होने के कारण मकान को बनवाने में असमर्थ हैं। उन्होंने बताया कि जनवरी 2024 की ग्राम सभा में आवास प्लस सूची में मेरा रजिट्रेशन आईडी क्रमांक 143094175 है, जो पात्र सूची में नाम था। महिला जनदर्शन में आवेदन करने आई तो यहां संबंधित विभाग की बातों को सुनकर महिला हैरान रह गई।

**मांग :** बीएससी द्वितीय व तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने की पुन: मूल्यांकन की मांग

# भौतिक, रसायन व गणित में 100 से ज्यादा बच्चों को शून्य, विद्यार्थियों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नीट एग्जाम का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ है और अब छात्र–छात्राओं के भविष्य के साथ कथित रुप से खिलवाड़ के एक नए मामले ने जन्म ले लिया है। दरअसल 14 जून को कॉलेज का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। उसके बाद बालोद, गुण्डरदेही, डौंडीलोहारा, दल्ली, डौंडी शासकीय कॉलेज के द्वितीय और तृतीय वर्ष के छात्र–छात्राओं ने परीक्षा परिणाम को लेकर असंतुष्टि व्यक्त की है। उन्होंने उत्तर पुस्तिका जांच पर सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री और हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति के नाम बालोद कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उत्तर पुस्तिका की फिर से जांच कराने की मांग की है।

■ कलेक्टर से मुलाकात कर उत्तर पुस्तिकाओं में मिले अंकों पर जताई असंतुष्टि

बता दें कि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा बीएससी के छात्राओं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। इसमें शासकीय महाविद्यालय द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र–छात्राओं का परिणाम घोषित हुआ है। उक्त परीक्षा परिणाम में केमिस्ट्री, फिजिक्स और मैथ्स विषय में अधिकतर बच्चों को शून्य अंक प्राप्त हुए हैं। इसके कारण परीक्षार्थी परिणाम से बहुत ही ज्यादा अचंभित हैं। मीनाक्षी, विनीता साहू ने बताया कि उपरोक्त विषयों की परीक्षा बहुत ही अच्छे तरीके से दी थी। हम सभी को अच्छे अंक मिलने की उम्मीद थी, किन्तु परीक्षा परिणामों में एक साथ बालोद एवं डौण्डी के परीक्षा केन्द्रों में जितने भी परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी, उनमें से लगभग 100 से अधिक परीक्षार्थियों को उक्त विषयों में शून्य अंक प्राप्त हुए हैं, जबकि अन्य विषयों में अच्छे अंक प्राप्त हुए हैं। इस संबंध में परीक्षा परिणाम आने के बाद संबंधित प्राचार्यों को भी अवगत कराया गया था। किन्तु किसी प्रकार का संतोषजनक जवाब नहीं मिलने के कारण सभी छात्र–छात्राएं अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं।





### लापरवाहों पर कार्रवाई की मांग

छात्र–छात्राओं की मांग है कि केमिस्ट्री, फिजिक्स और मैथ्स विषयों की निष्पक्ष तरीके से फिर से जांच की जाए। इसके साथ ही इस प्रकार की लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जांच कर दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाए, ताकि क िसी भी छात्र–छात्राओं के भविष्य के साथ इस तरह का खिलवाड़ ना हो।



# भाजयुमो ने फूंका राहुल का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय आह्वान पर एवं प्रदेश व जिला भारतीय जनता पार्टी के निर्देश पर भारतीय जनता युवा मोर्चा बालोद द्वारा राहुल गाँधी का पुतला दहन किया गया।

■ सदन में हिन्दुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का लगाया आरोप

इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि राहुल गाँधी ने देश के सर्वोच्च सदन में हिन्दुओं की भावना को ठेस पहुंचाने वाली आपत्ति जनक टिपणी की। इसका विरोध करते हुए बालोद भारतीय जनता युवा मोर्चा ने अपना विरोध दर्ज कराया। युवा मोर्चा ने राहुल गाँधी को पूरे हिन्दुओं से माफ़ी मांगने की मांग की। पुतला दहन में भारतीय जनता पार्टी बालोद के जिला अध्यक्ष पवन साहू, महामंत्री राकेश छोटू यादव, पार्षद कमलेश सोनी, जिला मंत्री अमित चोपड़ा, जयेश ठाकुर, कमल पम्पालिया, जसराज, सुरेंद्र देशमुख, प्रेम साहू, रिंकू साहू, अरुण साहू, मनोज चांडक, बालोद भाजपा अध्यक्ष सुरेश निर्मलकर, नरेंद्र सोनवानी, संतोष कौशिक, विकास साहू, संजय साहू, महेश पाठक, मणिकांत वीरेंदर साहू, पंकज आहूजा, विनोद जैन, जीतू निर्मलकर, गणेश साओ, पिंटू जात्रे व युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# सालभर से नहीं बिकी 100 क्विंटल खाद

## स्व सहायता समूह की महिलाओं ने कलेक्टर से मुलाकात कर बताई समस्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पूर्ववर्ती सरकार के समय महिला स्व सहायता समूह गौठान में खाद निर्माण कर उसकी विक्रय कर आय अर्जित करते थे। लेकिन बीते करीब सालभर से ग्राम पंचायत सिवनी के गौठान में महिला स्व सहायता समूह द्वारा बनाए गए लगभग 100 क्विंटल खाद विक्रय नहीं होने से ऐसी ही पड़ा हुआ है।

समूह की महिलाओं को करीब डेढ़ लाख रूपये से अधिक का नुकसान हुआ है। समूह की महिलाओं ने मंगलवार को कलेक्टर इंद्रजीत सिंह को ज्ञापन सौंप कर खाद को विक्रय कराने की मांग की हैं। कलेक्टर के समक्ष ज्ञापन सौंपने पहुंचे स्व सहायता समूह की महिलाओं ने कहा कि ग्राम पंचायत सिवनी में मुस्कान स्व सहायता समूह के नाम पर सभी महिलाएं गौठान में लंबे समय से कार्य कर रहे हैं। गौठान में खाद बनाकर उसका विक्रय प्रशासन को तथा अन्य किसान को करते थे, लेकिन बीते एक साल से समूह द्वारा बनाए गए खाद का विक्रय नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण हमें बहुत परेशानी हो रही है। चूंकि समूह की महिलाओं ने पहले से ही लाखों रुपए लगाकर इसे तैयार किया जा रहा था।

### खाद नहीं बिकने से हो रही परेशानी

खाद बिकने पर ही समूह की महिलाओं को आर्थिक लाभ मिलता है। लेकिन बीते एक साल से खाद नहीं बिकने के कारण समूह की महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समूह की महिलाओं ने कलेक्टर को खाद विक्रय कराने में सहायता प्रदान करने की बात कही है। ज्ञापन सौंपने वालों में समूह की महिलाएं कांती बाई, रेशमा सिन्हा, नीरू बाई, अंजना, सरस्वती, सुखबती, राजेश्वरी, सरस्वती यादव, पूर्णिमा सहित अन्य महिलाएं शामिल थीं।

बालोद थाना पुलिस को त्रिनयन एप की मदद से मिली विशेष सफ़लता

# ट्रक रोककर लूट व चाकूबाजी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

थाना बालोद क्षेत्र के दैहान जंगल के पास ट्रक को रोक कर मोबाईल और पैसे लूट व चाकू से हमला करने के मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार करने में बालोद पुलिस को सफलता मिली है। आरोपियों की गिरफ्तारी में पुलिस को त्रिनयन एप से विशेष सफ़लता मिली। सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों का शिनाख्त हुई।

■ धमतरी से दल्लीराजहरा जाने के दौरान दैहान जंगल के पास की थी लूटपाट

घटना 29 जून को दोपहर 12:30 की है। प्रार्थी जिला रिवा मध्यप्रदेश निवासी राजभान साकेत पिता स्व. मयकू प्रसाद साकेत 47 वर्ष का ट्रक ड्रावयर गिधाली दल्लीराजरा जिला बालोद ट्रक लेकर धमतरी से दल्लीराजरा जा रहा था, तभी बालोद दैहान जंगल के पास तीन व्यक्ति उसके ट्रक के सामने अपनी मोटरसायकल को लगाकर उसे रोके और उसके ट्रक में चढ़कर उसके साथ मारपीट करने लगे। इसके साथ ही उसकी जेब में रखे 1550 रूपये एवं मोबाईल लूट लिए। इसी बीच उनमें से एक व्यक्ति ने चाकू निकाल कर उसके गले के पास हमला कर दिया। प्रार्थी घबराकर ट्रक लेकर वहां से कुसुमकसा गया। वहां कुछ लोगों ने खून से लथपथ चालक को जिला अस्पताल बालोद में भर्ती कराया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बालोद में धारा 394 34, भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में रोशन नगर वार्ड 20 बालोद पाररास थाना बालोद निवासी निरज धुरवे पिता चतुरसिंह धुरवे 26 वर्ष, वार्ड क्र 12 गंजपारा दषौदी तालाब बालोद थाना बालोद निवासी मनीष कुमार यादव पिता राजेन्द्र यादव 19 वर्ष, मरार पारा बालोद थाना बालोद निवासी प्रशांत सोनी उर्फ चीकू मोनू पिता रमेश सोनी 30 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है।







### पुलिस ने खंगाले 25 से 30 सीसीटीवी फुटेज

पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल से बालोद टाउन के देशी शराब दुकान, पेट्रोल पंप अन्य स्थानों का त्रिनयन एप की मदद से 25 से 30 सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर संदेहियों के हुलिया के आधार पर प्रार्थी को दिखाया गया। इससे आरोपियों की पहचान हुई, जिससे टीम द्वारा 03 आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। आरोपियों के कब्जे से 01 नग मोटरसायकल, एक नग लोहे का बटन चाकू, नगदी रकम 750 रूपये बरामद किया।

**ग्रामीणों ने लो वोल्टेज की समस्या पर भी जताई नाराजगी**

# अघोषित बिजली कटौती ने बढ़ाई ग्रामीणों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

बीते कुछ दिनों से बालोद ब्लाक के ग्रामीण इलाकों में हो रही अघोषित बिजली कटौती एवं लो वोल्टेज की समस्या से लोग खासे परेशान हैं। इन दोनों समस्याओं से छुटकारा कब मिलेगा, यह बताने वाला कोई नहीं है। बिजली व्यवस्था में सुधार की बजाए दिनों-दिन स्थिति बिगड़ती जा रही है।

■ दिनभर लगा रहता है बिजली के आने जाने का सिलसिला

ऐसा ही ताज़ा मामला बालोद ब्लाक अंतर्गत लाटाबोड़ फीडर के ग्राम भोईनापार का है। ग्रामीण मनोज नेताम, धोबाराम नायक, गिरवर सोरी, महेंद्र नेताम, सुलेश ठाकुर, उत्तम नेताम, सुशील कंवर और तकेश्वर नेताम ने बताया कि गर्मी के दिनों में मेंटेनेंस कार्य के नाम पर रोजाना घंटों बिजली बंद की जाती थी। दिनभर बिजली के आने-जाने का सिलसिला लगा रहता था। लेकिन, मेंटनेंस के बाद भी अब जरा सी आंधी-बारिश होते ही घंटों बिजली गुल हो जाती है। वहीं, लो वोल्टेज की समस्या से ग्रामीण खासे परेशान हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि वोल्टेज इतना कम रहता है कि कूलर, पंखों के चलने का एहसास ही नहीं होता।



### फोन नहीं उठाने का आरोप

ग्रामीणों ने बताया कि लापरवाही की हद तब पार हो जाती है जब बिजली विभाग के जिम्मेदार अफसरों को फोन लगाने पर वे फोन नहीं उठाते। रात्रि में किसी भी समय बिजली बंद हो जाती है। बता दें कि क्षेत्र के जागरूक नागरिक लगातार विद्युत व्यवस्था में स्थायी सुधार की मांग करते आ रहे हैं लेकिन व्यवस्था दुरुस्त होती नजर नहीं आ रही है। इससे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चे व बुजुर्ग उमस के चलते खासे परेशान रहते हैं। वहीं, महिलाओं को पेयजल के लिए नलकूपों, कुओं एवं तालाबों का सहारा लेना पड़ रहा है। जो बेहद कष्टदायी है। ग्रामीणों ने विभाग से जल्द से जल्द ही लो वोल्टेज व बिजली कटौती सुचारु करने की माँग की।

### हैदराबाद से महादेव सटोरिया को लाई टीम

**भिलाई।** तेलांगना हैदराबाद में महादेव सट्टा चलाने वाले युवकों को एसीसीयू की टीम गिरफ्तार कर भिलाई ला चुकी है। घटने का खुलासा पुलिस मंगलवार को करेगी। मिली जानकारी के मुताबिक सुपेला पुलिस ने इससे जुडे आरोपी सेक्टर 2 सड़क 10 क्वाटर 17 एफ निवासी शुभम उर्फ गोलू सिंह को पुलिस ने पकड़ा था।


पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### शिवसेना ने जलाया गो-तस्करों का पुतला

**रायपुर।** लगातार बढ़ रही गो-तस्करी के विरोध में सोमवार को शिवसेना (शिंदे गुट) रायपुर जिला इकाई द्वारा रायपुरा चौक में गौ-तस्करों का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर कामगार सेना जिलाध्यक्ष संजू साहू ने बताया कि प्रदेश में लगातार गौ-तस्करी बढ़ रही है और ये गौ-तस्कर सोशल मीडिया पर भी सक्रिय हैं। प्रदेश में सक्रिय गो-तस्करों का पुतला जलाकर उन्हें समझाइश दी गई कि तस्करी छोड़ दो। इस दौरान गौ तस्कर मुर्दाबाद के नारे लगाकर पुतला जलाया गया। पुतला दहन में मुख्य रूप से संजय सोनकर, किशन साहू, गिरिराज देवांगन, अमर नायक, महावीर यादव, नरेंद्र प्रजापति, लीलाधर यदु, सदा साहू, मोनू निर्मलकर, मुकुंदा यादव, खिलेश्वर देवांगन, रितेश साहू एवं अधिक संख्या मे शिवसैनिक उपस्थित थे।

### महापौर की तबीयत बिगड़ी डाक्टरों ने कहा- निगरानी में

**रायपुर।** महापौर एजाज ढेबर की तबीयत सोमवार को अचानक खराब हो गई। उन्हें इलाज के लिए सिविल लाइंस स्थित फरिश्ता



नर्सिंग होम में दाखिल किया गया है। कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. ए फरिश्ता ने बताया कि उनकी हालत ठीक है, केवल सावधानी बरतते हुए उन्हें चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है। ढेबर सोमवार की रात लोगों से मिल रहे थे, इसी दौरान उनकी तबीयत बिगड़ी। असहज महसूस होने पर उन्हे उपचार के लिए तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। सावधानी बरतते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच के बाद उन्हें आईसीयू में दाखिल किया है। आशंका जताई जा रही है कि उनका ब्लड प्रेशर हाई हो गया था।

### वाहन किराए पर लेने पर प्रतिबंध में मिली छूट

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा शासकीय अधिकारियों के लिए किराए पर वाहन लेने पर प्रतिबंध लागू किया गया है। यह प्रतिबंध इसी साल मई से लागू है, लेकिन अब राज्य सरकार ने इस प्रतिबंध में कुछ छूट का आदेश भी जारी किया है। इस संबंध में शासन के सभी विभागो, अध्यक्ष राजस्व मंडल, सभी विभागाध्यक्ष, सभी संभागायुक्त, सभी कलेक्टरों को इस निर्णय से अवगत कराया गया है। इस संबंध में अब सरकार के वित्त विभाग ने आदेश जारी किया है। वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि नक्सल विरोधी कार्य एवं वीआईपी सुरक्षा के लिए वाहनों को किराए पर लेने के लिए पुलिस महानिदेशक, एवं जिला कलेक्टर को प्रतिबंध से मुक्त रखा गया है।

### जमीनों के खसरों के क्रय-विक्रय पर प्रतिबंधित और मुक्त करने का खेल

**रायपुर।** पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, भाजपा की सरकार बनते ही रायपुर में आदेश पारित किया जाता है कि अवैध प्लाटिंग पर लगातार कार्रवाई की जायेगी। वहीं रसूखदार एवं



भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों के प्लाटिंग पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जा रही है और यदि कहीं-कहीं पर की गई है, तो उसे पुनः प्रतिबंधित सूची से हटा दिया गया। हम ऐसे दोहरे चरित्र वाली कार्रवाई का विरोध करते हैं और सरकार से मांग भी करते हैं कि छोटे-छोटे भू-स्वामी लोग प्लाटिंग करके जीवन-यापन कर रहे हैं, इस पर कार्रवाई न की जाये। उन्होंने इसी संदर्भ में जिलाधीश को एक पत्र लिखा है जिस पर रायपुर जिले में भू-स्वामियों द्वारा उनके निजी जमीनों के खसरों के क्रय-विक्रय पर प्रतिबंधित लगाया जा रहा है। अवैध प्लाटिंग का रूप देकर फिर उन्हीं खसरों को किस मापदण्ड के आधार पर मुक्त भी किया जा रहा है, इसकी जानकारी मांगी है।

# सरकार का आदेश, विभागीय जांच एक साल में हो पूरी, सचिव को समीक्षा के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य सरकार ने आदेश जारी किया है कि किसी भी अधिकारी कर्मचारी के खिलाफ अगर विभागीय जांच शुरु की जाती है, तो उसे एक साल में पूरा किया जाना चाहिए। इसके साथ ही ये भी कहा गया है कि विभागीय सचिव समय-समय पर विभागीय जांच प्रकरणों की समीक्षा भी करते रहें। यह आदेश इसलिए जारी किया गया है कि सरकारी विभागों में विभागीय जांच के मामले बरसों-बरस चलते रहते हैं। इसकी वजह से निलंबन की अवधि में शासकीय सेवक को वेतन देना पड़ता है और संबंधित अधिकारी कर्मचारी कोई काम भी नहीं करते हैं। छत्तीसगढ़ सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में प्रदेश के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, विशेष सचिव, के लिए आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि शासन के ध्यान में यह आया है कि विभागीय जांच के मामलों को लेकर पूर्व में जारी आदेश का पालन समुचित रूप से नहीं किया जा रहा है। विभागीय जांच के प्रकरणों को एक वर्ष के अंदर पूरा करना आवश्यक है। लेकिन कई विभागों द्वारा विभागीय जांच एक साल में पूरी नहीं की जा रही है। ऐसे में आरोपी शासकीय सेवक कई वर्षों तक निलंबन में रहते हैं। विभागीय जांच समाप्त होने के बाद उन्हें बहाल किया जाता है। यदि आरोपी विभागीय जांच में निर्दोष साबित होता है तो शासन को उसके निलंबन काल का पूरा वेतन और भत्ता देना पड़ता है।

## सरकार ने सभी विभागों से सालभर से लंबित प्रकरणों का ब्योरा मांगा

### बिना कारण जांच में करते हैं देर

सरकारी आदेश में यह भी कहा गया है कि अनेक विभागों में विभागीय जांच के प्रकरण बिना यथोचित कारणों से अनावश्यक रूप से लंबे समय तक लंबित रहते हैं। इसकी वजह से शासन और शासकीय सेवक दोनों पक्षों को अनावश्यक कठिनाई का सामना करता पड़ता है। इसलिए यदि किसी प्रकरण में निर्धारित समय से अधिक विलंब किसी स्तर पर होता है तो यथोचित कारणों के न पाए जाने पर विलंब के संबंध में उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए संबंधित उत्तरदायी अधिकारियों- कर्मचारियों के विरुद्ध सक्षम अधिकारी द्वार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जानी चाहिए।




### विभागीय सचिवों को समीक्षा के निर्देश

राज्य शासन ने कहा है कि विभागीय जांच के प्रकरणों को समय सीमा में निपटाया जाना चाहिए। इसके साथ ही विभागीय सचिव को समय समय पर ऐसे जांच प्रकरणों की समीक्षा करना चाहिए। आदेश में यह भी याद दिलाया गया है कि विभागीय जांच प्रकरणों में विलंब की स्थिति को समाप्त करने के उद्देश्य से 10 मार्च 1997 में आदेश दिया गया था कि जांचकर्ता अधिकारी एवं प्रस्तुतकर्ता अधिकारियों की संविदा नियुक्ति सेवानिवृत्त अधिकारियों के पैनल से की जाए। राज्य सरकार ने सभी विभागों से कहा है कि वे अपने विभाग में एक साल से अधिक समय से लंबित प्रकरणों की जानकारी सामान्य प्रशासन विभाग को उपलब्ध कराएं।

## एक गुमनाम पत्र में भूपेश बघेल सहित कई बड़े नेताओं को हार का जिम्मेदार बताया

# कांग्रेस गुटबाजी, भितरघात और सत्ता-संगठन में तालमेल की कमी के कारण चुनाव हारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हार की समीक्षा के दौरान राजीव भवन में सोमवार को राजनांदगांव और दुर्ग लोकसभा सीट से फैक्ट फाइंडिंग कमेटी ने 150 से अधिक लोगों से वन-टू-वन मुलाकात कर उनसे चर्चा कर हार के कारणों के बारे में जाना। चार दिन की समीक्षा के बाद यह बात सामने आई कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस गुटबाजी, भितरघात और सत्ता-संगठन में तालमेल की कमी के कारण चुनाव हारी। समीक्षा बैठक में फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के सदस्य वीरप्पा मोइली और हरीश चौधरी सभी लोकसभा की समीक्षा के बाद इसकी रिपोर्ट एआईसीसी को देंगे। सोमवार को राजनांदगांव और दुर्ग लोकसभा की बैठक के बीच एक गुमनाम पत्र बाहर आया, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम से लिखे गए पत्र में भूपेश बघेल सहित कई बड़े नेताओं को हार का जिम्मेदार ठहराया गया है। इसमें लिखा गया कि बड़े नेताओं के अहंकार की वजह से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हार हुई है। डॉ. चरणदास महंत, अकबर और ताम्रध्वज के खिलाफ भी शिकायत की गई है। पत्र में यह भी लिखा गया है कि महंत ने भूपेश और डहरिया को निपटाया है। पत्र में कहा गया है कि चुनाव परिणामों पर समीक्षा करने आज नेता दिल्ली से रायपुर पहुंचे और विधानसभा, लोकसभा में हार के कारणों पर चर्चा की, जबकि आप स्वयं राहुल गांधी, कुमारी सैलजा, चन्दन यादव, रत्नगिरी उल्का और प्रदेश की जानती है कि हार के मात्र दो कारण हैं।

- लोकसभा में कहां ज्यादा मत मिले, कहां कम, इसको लेकर जुलाई के पहले सप्ताह में होने वाली बैठक में होगा मंथन

### हार के ये कारण बताए

पहला कारण भूपेश बघेल का अहंकार और बदतमीजी से बात करना, एकला चलो की रणनीति संगठन को दरकिनार करके चलना। जातिवाद की मानसिकता, उनका भ्रष्टाचार और गलत टिकट वितरण करना है। हार का दूसरा कारण बताते हुए कहा गया है सौम्या, रामगोपाल, गिरीश देवांगन, अनिल टुटेजा, सूर्यकांत, विनोद वर्मा, प्रदीप शर्मा, राजेश तिवारी, ढेबर जैसे लोग और सट्टा, शराब, कोयला, डीएमएफ, जीएसटी, पीएससी जैसे कई घोटाले, जिनके कारण बघेल पिता-पुत्र और दामाद पर ईडी की कार्रवाई की संभावना से डरकर भूपेश बघेल की भाजपा से डीलिंग हुई। विधानसभा और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को हराने का पूरा षड्यंत्र हुआ, जिसमें बघेल ने पूरी कांग्रेस को प्रदेश में हासिए पर ला दिया, तभी इनके मंत्रिमंडल के सभी मंत्री भी हार गए।



### हारे हुए चेहरों को लोकसभा में दिया टिकट

*लोकसभा में फिर हारे हुए पुराने चेहरों को टिकट दिया। दुर्ग से पांच मंत्री थे, सब हारे थे, फिर दुर्ग से चार लोगों को दूसरे क्षेत्रों से टिकट दे दिया। परिणाम ये हुआ कि सब हार गए। ज्योत्सना महंत जीती, तो उसमें चरणदास या कांग्रेस का कोई रोल नहीं है। सरोज पाण्डेय को भाजपा के बड़े नेताओ ने ही हराया, इसमें दो मंत्री और तीन विधायक का रोल है। अमित जोगी और तुलेश्वर मरकाम का भी पैसा लेकर सहयोग लिया गया और भूपेश, ताम्रध्वज, चरणदास, चौबे, अकबर, सिंहदेव तो अपनी विधानसभा में भी पार्टी को लीड नहीं दिला सके।*

### सत्ता-संगठन में तालमेल की कमी से हारे चुनाव- बैज

*वहीं फैक्ट फाइंडिंग कमेटी की बैठक को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सत्ता-संगठन के बीच तालमेल था, लेकिन कुछ कमियां रहीं, जिसके कारण हमें चुनाव में सफलता नहीं मिली। उन्होंने कहा, सभी सीनियर नेताओं ने कमेटी को सुझाव दिए हैं। आने वाले समय में संगठन को नए तरीके से मजबूत करके सीनियर नेताओं को साथ में लेकर मजबूती से काम करेंगे। आने वाले समय में नगरीय निकाय, पंचायत चुनाव मजबूती के साथ लड़ेंगे। विधानसभा चुनाव के बाद जिला स्तर पर समीक्षा की गई थी। कहीं ना कहीं कुछ कारण रहा होगा। नई रणनीति के साथ आने वाले समय में लड़ा जाएगा।*

# मानव जीवन का कल्याण सिर्फ भगवत भक्ति से संभव




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम हीरापुर में चल रहे नौ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के चतुर्थ दिवस मंगलवार को धुरव चरित्र व जड़ भरत कथा, प्रहलाद चरित्र, समुद्र मंथन, वामन अवतार का चरित्र का कथा जगन्नाथपुर वाले व भागवतव्यास पंडित रूपेश कृष्ण जी मिश्रा ने राजा उत्तानपाद व उसकी दो पत्नी की कथा सुनाते हुए कहा हमारा सहारा तो जगतपति नारायण ही है। नारायण के अतिरिक्त अब हमारे दुख को दूर करने वाला कोई दूसरा बचा नहीं है।

पंडित रूपेश कृष्ण जी मिश्रा ने श्रोताओं को बताया कि जिसका रखवाला भगवान नारायण स्वयं हैं उसकी कीर्ति चारों ओर फैलेगी। इसलिए प्रभु भक्ति में लीन हो जाना चाहिए। वही परीक्षित के भूमिका में कुंजलाल साहू उपस्थित थे। प्रतिदिन ग्रामीणों के अलावा आसपास के ग्रामवासी का आगमन भागवत कथा का रसपान करने हो रहा है। पंडित रूपेश कृष्ण जी मिश्रा ने श्रोताओं को कथा का सारांश बताते हुए कहा कि मानव जीवन का कल्याण सिर्फ भगवत भक्ति से संभव है। जो नारायण की भक्ति करता है उसे परम पद की प्राप्ति होती है। अंतर्मन में आंनद की अनुभूति होती है। जिसे लोग दर दर भटक कर ढूंढते हैं। सभी ईश्वर आराधना कर आनन्द की अनुभूति करें।

भागवत कथा का रसपान करने पहुप बाई साहू, राधेश्याम शकुन साहू, कुंजलाल किरण साहू, बिशाखा बाई, धर्मराज, देवश्री, हितेश, बबिता, विवेकानंद, दमयंती चुरामन, लुकेश्वरी, लक्ष्मी, हरिश्चंद्र, परमेश्वरी, जनिक, छन्नू, दुर्गेश, पायल, भूमिका, पुष्पांजलि, लविश सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

- हीरापुर में नौ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा जारी

# सेवानिवृत्ति पर प्रधानपाठक मंडावी को दी गई विदाई



**गुरूर।** मंगलवार को प्राइमरी स्कूल हितेकसा में पदस्थ हेडमास्टर विजय कुमार मंडावी के रिटायर होने पर मिडिल स्कूल प्रांगण में बिदाई समारोह का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि रिटायर शिक्षक विजय कुमार मंडावी ने कहा कि 12 वर्ष के सेवा काल में सभी का पूरा सहयोग मिला है। गुरुओं का ज्यादा वर्णन नहीं किया जाता है। प्राइमरी स्कूल के विकास के लिए रिटायर शिक्षक ने 25 हजार रुपये नगद प्रदान किया। अध्यक्षता के रहे सरपंच भूपेश कुमार हिरवानी ने कहा कि सदमार्ग मे सत्संग सिखाने वाले शिक्षक का हमेशा सम्मान किया जाता है। संकुल प्राचार्य धानापुरी एमएल टण्डन ने कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण है। संकुल समन्वयक मोहित कुमार चुरेन्द्र ने कहा कि मेरे संकुल से एक शिक्षक के रिटायर होने पर आज बिदाई समारोह पूरा ग्रामीण ने किया है यह हर्ष का विषय है। पीटीआई धानापुरी नरेन्द्र कुमार ठाकुर, धनसिंग साहू अतिथि के रुप में शामिल थे। शाला प्रबंधन समिति की ओर से भगवान शिव की प्रतिमा भेंट की गई। ग्राम विकास समिति, सभी शिक्षकों, प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल के बच्चों, ग्रामीणों एवं प्राइमरी स्कूल के शिक्षक सुरेश साहू ने सेवानिवृत्त प्रधानपाठक को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में शिक्षक सुरेश साहू, ऋषि कुमार, अनुरुद्ध दास नवरंगा, उपेंद्र कुमार वर्मा, शैलेन्द्र कुमार मगर, डिकेन्द्र कुमार करियाम, शाला प्रबंधन अध्यक्ष यशोदा बाई, योगेश्वरी साहू, ताणी साहू, जान्हवी सिन्द्राम, दीक्षा मंडावी, मुक्ति साहू, साक्षी साहू एवं प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल के बच्चे शामिल थे।

# किल्लेकोड़ा में मना शाला प्रवेश उत्सव




**डौंडीलोहारा।** वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोडा के सभागार में नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं के लिए शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसके मुख्यअतिथि राजाराम तारम जनपद सदस्य,अध्यक्षता ललिता गांवरे सरपंच, विशिष्ट अतिथि के रूप में वीरेंद्र कुल्हार्य, गैंदलाल तारम, उत्तरा बाई, गुलाबबाई शर्मा, रामेश्वरी देवी गांवरे, रुखमणी देवी सिन्हा, दौलत राम, अजय मुखर्जी (प्राचार्य) तथा वाय. एस. मरकाम (वरिष्ठ व्याख्याता) थे। इस अवसर पर मुखर्जी सर ने कहा कि आज हमारे यहां नवमी एवं 11वीं में प्रवेश लिए नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का सम्मान करने जा रहे हैं। इस वर्ष कक्षा दसवीं का रिजल्ट शत- प्रतिशत रहा है, तथा 39 में से 27 छात्र छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं, जो कि हमारे विद्यालय के लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम को वीरेंद्र कुल्हार्य, गैंदलाल तारम, डॉ. बी .एल .साहसी व्याख्याता , गांवरे मैडम ने भी संबोधित किया। मुख्य अतिथि राजाराम तारम ने कहा कि मेरा प्रयास सार्थक रहा कि मैने किल्लेकोडा हाई स्कूल का उन्नयन करने में सफलता प्राप्त की ।अंत में अतिथियों द्वारा नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को मुंह मीठा कराया गया। वहीं, कापी, पुस्तक व कलम प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। आभार प्रदर्शन श्री मरकाम ने किया। इस अवसर पर सी.जी. पटेल व्याख्याता, जे.पी. बांधव, हेमेंद्र साहू, घनश्याम पटेल, त्रिजला ठाकुर मैडम, ललित देवहारी, श्रवण यादव ,खगेश ठाकुर तथा कुशल देवदास आदि उपस्थित थे।

# घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय में नए आपराधिक विधि पर हुआ व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय के विधि विभाग द्वारा ऑनलाइन माध्यम से नए आपराधिक विधि पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सहायक प्राध्यापक विधि छत्तीसगढ़ प्रशासनिक अकैडमी निमोरा रायपुर डॉ सुरेश मनि त्रिपाठी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जेके खलखो ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विधि विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ राघवेश पांडेय ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है कि हम अंग्रेजों द्वारा बनाए गए कानून से मुक्त हो रहे है, यह गर्व की बात है कि अब भारतीय संसद के द्वारा बनाया गया कानून भारतीय लोगों पर लागू होगा।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ सुरेश मनि त्रिपाठी ने तीनों कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 में जुड़े नए प्रावधानों पर विस्तर से चर्चा की। उन्होंने मुख्य रूप से आतंकवाद, देशद्रोह, संगठित अपराध को बिस्तर से बताया।

इसी तरह उन्होंने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में प्रथम सूचना रिपोर्ट, जमानत एवं इस कानून तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम में हुए इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के बारे में बताते हुए पूछे गए प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया।

इस अवसर पर डॉ एचएल मानकर, सीडी मानिकपुरी, डॉ जेके पटेल, डॉ रामाधीन साहू, जयंती सिंह, डॉ दीपाली राव, मनीष टोप्पो, सुनीता गणेश जोशी, पूनमचंद गुप्ता, स्वाति वैष्णव व अन्य प्राध्यापक उपस्थित थे। आभार व्यक्त डॉ जेके पटेल ने किया तथा संचलन सुब्रत मंडल ने किया।

## मानसून सक्रिय, किसान फसलों की बोआई में जुटे

# 7 लाख हेक्टेयर में बोनी, धान की खुर्रा बोआई कर रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में 7 लाख 20 हजार हेक्टेयर में विभिन्न प्रकार की खरीफ फसलों की बोआई की जा चुकी है। इन फसलों में धान की खुर्रा बोनी लगभग 5.70 लाख हेक्टेयर और मोटे अनाज, गन्ना और अन्य फसल शामिल हैं। जून में पिछले साल के मुकाबले कम बारिश होने की वजह से कई इलाकों में बोनी पिछड़ गई है। जून के अंतिम सप्ताह में बारिश होने से अब पूरे प्रदेश में किसान खेतों में बोनी करने में जुट गए हैं। जुलाई के पहले सप्ताह में अच्छी बारिश की संभावना देखते हुए किसानों ने अपने खेतों को तैयार कर बोनी करने में लगे हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि चालू खरीफ सीजन में 48.63 लाख हेक्टेयर में फसल की बुआई की होगी, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 35 हजार हेक्टेयर बढ़ी है। जिन फसलों का रकबा पिछले सीजन के मुकाबले बढ़ा है, उनमें मोटे अनाज का रकबा 3.65 लाख हेक्टेयर हो गया है। पिछले साल के मुकाबले यह 30 हजार हेक्टेयर बढ़ा है। वहीं दलहन की फसल इस साल 2.89 लाख हेक्टेयर में लेने का लक्ष्य है। यह पिछले साल के मुकाबले 14 हजार हेक्टेयर से अधिक बढ़ा है। अन्य फसलों के रकबे में 8 हजार हेक्टेयर की कमी आई है। वहीं गन्ना फसल में कमी आई है। पिछले साल किसानों ने 15.28 हजार हेक्टेयर में गन्ना बोया था, जो इस साल घटकर 14.80 हजार हेक्टेयर हो गया है।



### धान की बोनी का रकबा घटा

खरीफ सीजन की फसलों की बोनी शुरू हो गई है। इस बार खरीफ बुआई वाली अरहर, उड़द और मूंग जैसी दालों का रकबा बढ़ने का अनुमान है। अच्छे मानसून की संभावना ने किसानों का दालों के उत्पादन की ओर ध्यान खींचा है। छत्तीसगढ़ में कृषि विभाग ने खरीफ फसलों की बोआई का जो लक्ष्य तय किया है, उनमें धान की फसल 38.65 लाख हेक्टेयर है। यह पिछले वर्ष के मुकाबले लगभग 28 हजार हेक्टेयर कम है। उसके स्थान पर मोटे अनाज और दलहन का रकबा इस साल बढ़ा है।

### तिलहन का रकबा बढ़ा

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन में बोई जाने वाली तिलहन की फसलों में मूंगफली का रकबा 53.13 हजार हेक्टेयर तय किया गया है। यह पिछले साल के मुकाबले 3 हजार हेक्टेयर से अधिक है। वहीं तिल की फसल कुल 24.94 हजार हेक्टेयर में ली जानी है। इसके रकबे में भी 2 हजार हेक्टेयर बढ़ा है। सोयाबीन की बोनी का रकबा लगभग 39.02 हजार हेक्टेयर तय किया गया है। जो पिछले साल के मुकाबले डेढ़ हजार हेक्टयर बढ़ा है। रामतिल का रकबा 44.23 हेक्टेयर तय किया गया है, इसमें 3.23 हजार हेक्टेयर की वृद्धि हुई है।

# नवीन कानूनों पर आधारित पुस्तक का किया विमोचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार से देशभर में लागू हुए नवीन कानूनों पर आधारित पुस्तक का विमोचन किया। तीन नए आपराधिक कानूनों को लेकर यह संग्रह महत्वपूर्ण जानकारियों का संकलन है। छत्तीसगढ़ पुलिस की इस विशेष पहल से नवीन कानूनों को समझना आसान होगा। पुलिस अधिकारियों और विवेचकों के लिए यह पुस्तक महत्वपूर्ण संदर्भ होगी। अपराधों की विवेचना में भी उपयोगी होगी। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव गृह विभाग मनोज पिंगुआ, डीजीपी अशोक जुनेजा, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, बसव राजू एस. एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### लमती में स्व सहायता समूह की महिलाओं ने दिया न्योता भोज

**डौंडीलोहारा।** वनांचल के ग्राम लमती के सरस्वती महिला स्वसहायता समूह द्वारा ग्रीष्म अवकाश पश्चात नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने की खुशी एवं अपने समुह गठन दिवस के अवसर पर 1 जुलाई को शासकीय प्राथमिक शाला लमती मे न्योता भोज का आयोजन किया गया। न्योता भोज में खीर, पुड़ी, चांवल, दाल, सब्जी परोसी गई।उक्त समुह पिछले कुछ वर्षो से इस संस्था में मध्यान्ह भोजन संचालक की भूमिका निभा रही है। बच्चों के प्रति सेवा भाव एवं जागरूक नागरिक होने का परिचय देते हेतु समूह के समस्त माता बहनों को शाला परिवार की ओर से प्रधानपाठक भगवती प्रसाद आमदो, शिक्षक कन्हैया लाल बारले एवं शाला प्रबंधन समिति के सभी सदस्यगणों ने आभार व्यक्त किया।

### रेडक्रॉस के बच्चों ने मनाया डॉक्टर्स डे



**डौंडीलोहारा।** संजयनगर में स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 1 जुलाई को डॉक्टर्स डे मनाया गया। जिसमें विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य लूणकरण ठाकुर द्वारा चिकित्सकों के योगदान को बतलाते हुए उन्हें धरती का भगवान बतलाया गया।रेडक्रॉस प्रभारी सौरभ शर्मा के निर्देशन में विद्यालयीन शिक्षकों व बच्चों के द्वारा नगर के सरकारी चिकित्सालय में पदस्थ चिकित्सकों का पौधा भेंट करके सम्मान किया गया।कार्यक्रम में व्याख्याता अविनाश कुमार साहू , रवीन्द्रनाथ नाथ योगी,लवण कुमार साहू, एनुका शार्वा,हेमंत कुमार साहू,रेडक्रॉस वालिंटियर भावना, गीतांजली निषाद, हुलेश्वरी कंवर, भूमिका साहू, लवकिशोर बर्सेल , नवीन सहित समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

### प्राथमिक शाला कोचेरा में हुआ न्योता भोज



**गुरूर।** प्रधान पाठक प्राथमिक शाला कोचेरा नरेश साहू एवं तुकाराम साहू द्वारा माध्यमिक शाला बोडरा में स्व.कार्तिक राम साहू की स्मृति में न्योता भोजन दिया गया।

### हास्पिटल की बर्न यूनिट में बच्चे को मिली संजीवनी

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के जेएलएन अस्पताल के बर्न यूनिट की टीम ने एक 4 साल के बच्चे को जीवनदान देकर एक और उपलब्धि प्राप्त की है। डाक्टरों व पैरामेडिकल के अथक चिकित्सकीय कौशल से बालक का सफल उपचार किया गया। इसके पूर्व भी बर्न यूनिट कई गंभीर मरीजों के लिए संजीवी साबित हुई है। 24 मार्च झारखण्ड के जमशेदपुर के 4 साल के बच्चे के साथ एक दर्दनाक घटना घटित हुई।

**समस्या : सड़कों की हालत खराब, शेड नहीं होने से भी हो रही परेशानी**

# रेलवे को भारी भरकम कमाई देने वाला बालोद रैक पॉइंट बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

रेलवे को भारी भरकम कमाई देने वाला बालोद रैक पॉइंट अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। रैक पॉइंट में गाड़ियों के ड्राइवर व यहां काम करने वाले सैकड़ों मजदूर अपनी जान जोखिम में डालकर कार्य करने को मजबूर हैं।

शहर में स्थित रेलवे के रैक पॉइंट जहां रोजाना सैकड़ों मजदूर मजदूरी करने पहुंचते हैं, जहां रोजाना सैंकड़ों ट्रकों मे चावल, खाद, बारदाना, सीमेंट सहित कई अन्य सामग्री इसी जगह पर लोड अनलोड का कार्य किया जाता है। इस जगह सड़के काफी खराब हो चुकी है, गड्ढेदार सड़क मे बारिश का पानी पारा हुआ है, जहां से गुजरना काफी मुश्किलों भरा होता है।

नगरवासियों व ट्रक मालिक गुड्स परिवहन संघ का कहना है कि बालोद रेल्वे में रेक पाइंट तक कि पहुँच मार्ग में गुजरने से गाड़ियों को काफी नुकसान पहुंच रहा है, यहां हर पल बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। यह रैक रेल्वे प्रशासन की आय का बहुत बड़ा साधन है। निरंतर रेक लगा रहता है, धमतरी से भी चावल एवं बालोद एफसीआई से सरकारी चावल लोड होता है। अन्य सामग्री यहां लोड अनलोड होता है। रेक पाइंट में शेड नही होने से बरसात में सीमेंट, चावल, एवं खाद लोड एवं अनलोड के समय नुकसान होने की आशंका बनी रहती है। ट्रक मालिक गुड्स परिवहन संघ बालोद रेलवे प्रशासन से पहुंच मार्ग का निर्माण एवं रेक पाइंट में सेड निर्माण की मांग करते आ रहा है, पर आज तक किसी भी प्रकार की समस्या का निराकरण नहीं हुआ है। मानसून शुरू होते ही रेलवे से ट्रक मालिक गुड्स परिवहन संघ फिर से समस्या के निराकरण करने की मांग कर रहे हैं।





यात्री गाड़ी को सातों दिन चलाने की आवश्यकता













छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स इकाई बालोद अध्यक्ष एवं व्यापारिक सलाहकार राजू पटेल ने बताया कि बालोद रेलवे बालोद एवं धमतरी के ट्रक मालिकों का एक मात्र रोजगार का साधन है व स्थानीय मजदूरों को रोजगार रेक से चल रहा है। जर्जर सड़क व रेक पॉइंट में सेड नहीं होने से भविष्य में कार्य में बाधा आने की आशंका है। रेलवे मंडल अतिशीघ्र समस्या का निराकरण करे और सप्ताह में तीन दिन चलने वाली यात्री गाड़ी को 7 दिन चलाने की आवश्यकता है।

### बार-बार करानी पड़ रही ट्रकों की मरम्मत

ट्रक मालिक गुड्स परिवहन संघ अध्यक्ष व सलाहकार रेलवे चेंबर ऑफ कॉमर्स बालोद मनोज चांडक ने अतिशीघ्र सड़क व सेड निर्माण को प्रमुखता से पूरा करने की मांग की जिससे रेल्वे व स्थानीय ट्रक मालिक को रोजगार में वृद्धि हो सके। सचिव ट्रक मालिक गुड्स परिवहन संघ बालोद भवानी शंकर शर्मा ने कहा आए दिन ट्रक को इस जर्जर मार्ग से गुजरने से ट्रकों को बहुत नुकसान हो रहा ,मरम्मत की बहुत जल्दी आवश्यकता पड़ रही है।

### रेक पॉइंट में शेड नहीं होने से परेशानी

रेलवे परिवहन ठेकेदार ओम प्रकाश शर्मा ने कहा एफसीआई से अन्य प्रदेश के लिये शासन का चावल रेक माध्यम से लोड होता है एवं सरकारी धान खरीद के लिए बारदाना गठान की आवक रहती है, जो ट्रकों के माध्यम से परिवहन का कार्य होता है, पर हमें खराब सड़क से व रेक पाइंट में सेड नही होने से बहुत ज्यादा तकलीफ हो रहा है।

### शेड व सड़क निर्माण की मांग

मैनजर रेक हैंडिलग कैलाश बिसाई ने कहा कि बालोद रेक रेलवे का आय का बहुत बड़ा साधन है। यहाँ पर एफसीआई धमतरी से चावल एवं विपणन संघ की खाद की सप्लाई रेक द्वारा होता है, जो ट्रकों के माध्यम से लोड अनलोड का कार्य हो रहा है। अध्यक्ष रेलवे हमाल संघ बालोद गजेंद्र साहू ने कहा कि मजूदर संघ ने रेलवे मंडल से पूर्व में ही मांग करते आ रहे है कि सड़क व सेड निर्माण करे जिससे मजदूरों को और ज्यादा रोजगार प्राप्त हो सके।

# बाजार में अव्यवस्था के कारण लोगों को हो रही बड़ी समस्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ व्यापारियों ने अनुविभागीय अधिकारी पुलिस से की मुलाकात, की व्यवस्था बनाने की मांग

जिला मुख्यालय बालोद में बुधवार एवं रविवार को लगने वाले बाजार में अव्यवस्थाओं को लेकर आम जनता एवं वार्डवासियों ने कई बार प्रशासन से गुहार लगाई है। कुछ दिन व्यवस्था चलने के बाद फिर से अव्यवस्था का आलम बन जाता है। इन्हीं समस्याओं को लेकर बुधवारी बाजार व्यापारी संघ के प्रतिनिधि मंडल वरिष्ठ पार्षद कमलेश सोनी, शहर मंडल अध्यक्ष सुरेश निर्मलकर की अगुवाई में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस देवांश सिंह राठौर से मिलकर चर्चा की।

इस दौरान व्यापरियों ने कहा कि बाजार में अव्यवस्थित पसरा ठेला लगाने वालों को व्यवस्थित किया जाए, ताकि बाजार में आने जाने में कोई दिक्कत आम नागरिक को ना हो। बाजार के दिनों में कड़ाई से दो पहिया वाहनों एवं सायकलों को बाजार के अंदर लाने वालो को समझाइश देने एवं पालिका प्रशासन से सहयोग लेकर पसरा लगाने वालों को सड़क छोड़कर पसरा एवं ठेला लगाने की बात कही। पार्षद कमलेश सोनी ने पुलिस को बताया कि बुधवार एवं रविवार के दिन मुख्य बाजार चौक गांधी भवन के सामने बेरिकेटिंग एवं पुलिस तैनात करने का निवेदन करते हुए कहा कि इन दिनों में बाजार लगने के कारण सड़क में जगह नही रहता, पाण्डेपारा एवं टिकरापारा में अगर एम्बुलेंस या अग्निशमन की जरूरत पड़ जाए तो उनका जाना मुश्किल हो जाता है, ऐसी आपात स्थिति को ध्यान में रखकर बाजार के व्यवस्थापन की मांग वर्षो से की जा रही है, पालिका द्वारा निर्मित चबूतरे में सब्जी पसरा लगवाई जाए एवं चबूतरों को कब्जाधारियों से मुक्त कराया जाए। इस पर पुलिस अधिकारी ने अपनी सहमति देते हुए जल्द ही पालिका प्रशासन एवं उच्चाधिकारियों से चर्चा कर जल्द ही समस्या को दूर करने का आश्वासन दिया, उन्होंने सभी व्यापारियों को दुकान सीमा के अंदर ही अपने सामान रखने दुकानों के बाहर सीसी टीवी कैमरा लगाने तथा साफ सफाई का ध्यान रखने की बात कही। जिस पर व्यावरियो ने अपनी सहमति प्रदान कर शासन प्रशासन को पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर व्यापारी संघ के सदस्य हसमुख भाई पटेल, प्रेमचंद क्षीरसागर, पूर्व एल्डरमेन विनोद जैन, मोनू पंकज वाधवानी, कैलाश परचानी, चिंटू परचानी, हरीश दुबे, खिलेश देवांगन, शरद गुप्ता, रौशन जैन सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# कई माह से खराब है ट्रांसफार्मर ग्रामीणों ने की मरम्मत की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ जनदर्शन में पहुंचकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जिले के डौडी ब्लॉक अंतर्गत स्थित ग्राम बेलोदा के ग्रामीण बंद पड़े ट्रांसफार्मर की समस्या को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम बेलोदा में लगा ट्रांसफार्मर कई महीनों से बंद पड़ा हुआ है। संबंधित विभाग को इसकी जानकारी देने के बावजूद अधिकारियों द्वारा इसे बनाने या नया ट्रांसफार्मर लगाने के संबंध में ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस ट्रांसफार्मर के माध्यम से लगभग 25 किसानों को सिंचाई के लिए बिजली दी गई है, लेकिन किसानों को वर्तमान में ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण बिजली नहीं मिल पा रहा है, जिसके कारण लगभग 200 एकड़ से ज्यादा खेतों में पानी की कमी बनी हुई है। किसान गंगाराम साहू ने बताया कि बरसात के दिनों में आए दिन बिजली की समस्या बनी रहती है, वर्तमान में ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण कई दिनों से बंद है इसके संबंध में नजदीक विद्युत केंद्र करहीभदर के जेई और विद्युत विभाग बालोद को भी सूचित किया गया था, जिसके बाद कार्यपालन अभियंता बालोद के द्वारा एक जुलाई तक ट्रांसफार्मर लगाने की बात कही गईं थी, लेकिन ट्रांसफार्मर नहीं लगवाया गया, जिसके संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंप ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की गईं है।



# अधिकारियों के कार्यालय में नहीं रहने से हो रही समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

■ नपं अध्यक्ष महिमा ने लगाया परिषद की बैठकों की भी उपेक्षा का आरोप

इन दिनों कई अधिकारियों में कार्य के प्रति उदासीनता के साथ कार्यालय में अनुपस्थिति आम बात हो गई है। शिकायत के बाद भी कोई कारगर कार्रवाई नहीं होने से आम जनता छोटे–छोटे कार्यों के लिए भटक रही है। इससे विपक्ष के साथ सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधि भी परेशान हैं। मंत्री से शिकायत के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं आ रहा है।

वर्तमान मामला नगर पंचायत गुरुर का है। यहां पदस्थ मुख्य नगर पालिका अधिकारी सप्ताह में मात्र दो दिन ही कार्यालय आते हैं। उसमें एक दिन टीएल की बैठक में बालोद में निकल जाता है। वहीं यहां पदस्थ उप अभियंता भी बिना किसी सूचना जानकारी के लगातार दूसरे दिन भी अनुपस्थित रही। सोमवार को भी उप अभियंता नदारद थी, वहीं मंगलवार को भी कार्यालय समय में उनके कमरे में ताला लटक रहा था।



नगर पंचायत अध्यक्ष महिमा साहू ने कहा कि सीएमओ सप्ताह में मात्र दो दिन ही आते हैं, वे स्वास्थ्य का कारण बताकर अनुपस्थित रहते हैं। नहीं आने की स्थिति में कोई जानकारी नहीं देते, जिससे उनके अवकाश या प्रवास में होने की स्थिति स्पष्ट नहीं होती। महिमा साहू ने यह भी आरोप लगाया कि सीएमओ परिषद् की बैठक को भी महत्व नहीं देते एवं कर्मचारियों को अधिकृत कर देते हैं। मेरे कई बार कहने पर वे परिषद् की बैठक में पहुंचे। महिमा साहू ने आरोप लगाया कि सीएमओ कई बार फोन करने पर भी फोन नहीं उठाते। उन्होंने बताया कि उप अभियंता दो दिन से नहीं आई हैं, वह कहां है, क्या कार्य कर रही हैं, किसकी अनुमति से अनुपस्थित हैं, मैं नहीं जानती। उप अभियंता ने अवकाश का कोई आवेदन नहीं दिया है।

नेता प्रतिपक्ष चिंता राम साहू ने कहा कि सीएमओ सप्ताह में अधिकतम दो दिन ही कार्यालय आते हैं। कार्यालय आने के बाद भी नगर के कार्यों में उनकी रूचि नहीं है। अपने कार्यों के लिए भी यहां पदस्थ कर्मचारियों को अधिकृत कर देते हैं। हमने उनकी शिकायत विभागीय मंत्री के पास की है।

### नोटिस जारी

मामले में एसडीएम पूजा बंसल ने कहा कि हमने सीएमओ के लगातार अनुपस्थित रहने की शिकायत पर नोटिस जारी किया है एवं उच्च कार्यालय को सूचित किया गया है।

# डोंडी में दी गई 3 नए कानूनों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

1 जुलाई से लागू तीन महत्वपूर्ण कानून के जागरूकता के संबंध में डोंडी जनपद में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नगर पंचायत अध्यक्ष सोमेश सोरी, मंडल अध्यक्ष मनीष झा, तहसीलदार हिंसा राम नायक, जनपद सीईओ मंडले जी, के द्वारा 01 जुलाई 2024 से लागू हो रहे तीन महत्वपूर्ण कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 एंव भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के सम्बंध में विस्तृत जानकारी उपस्थित जनों को दी।उन्होंने कहा कि पहले के कानून केवल आरोपी को केंद्र में रखकर बनाया गया था।

लेकिन वर्तमान कानून आरोपी एंव पीड़ति दोनों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि नए कानून आरोपी एंव पीड़ति के प्रति समान भाव रखता है। सभी वर्गों के लोगों को तीनों नए कानूनों के संबंध में समुचित जानकारी रखना आवश्यक है।भारत के नए कानून, विशेष रूप से भारतीय न्याय संहिता, का उद्देश्य देश की न्यायिक प्रणाली को अधिक आधुनिक और प्रगतिशील बनाना है। 160 साल पुराने अंग्रेजों के द्वारा बनाए गए कानून भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता, और इंडियन एविडेंस एक्ट को प्रतिस्थापित कर ये 3 नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लाए गए हैं। इनका मुख्य उद्देश्य न्यायिक प्रक्रियाओं में तेजी और पारदर्शिता लाना है, जिससे हर नागरिक को त्वरित और निष्पक्ष न्याय मिल सके.थाना प्रभारी मुकेश सिँह ने कहा कि यह दर्शाता है कि हम अपने नागरिकों को न्याय दिलाने के लिए कितने प्रतिबद्ध हैं। इस त्वरित कार्रवाई से न केवल पीड़ित को समय पर न्याय मिलेगा, बल्कि समाज में यह संदेश भी जाएगा कि कानून और न्याय प्रणाली उनकी सुरक्षा और अधिकारों के लिए हमेशा तत्पर है. हमारी टीम की तत्परता और समर्पण इस बात का प्रतीक है कि हम न्याय की दिशा में हर संभव कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं उक्त जागरूकता कर्यक्रम में ब्लॉक के सरपंच प्रबुद्ध जनो सहित आदिवासी समाज के लोग भी शामिल थे।





# जामगांव आर थाना में नए कानूनों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

भारत सरकार द्वारा 1 जुलाई को पूरे देश में नया कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हुआ। आरक्षी केंद्र जामगांव आर परिसर में सोमवार को नवीन कानून का जन्मोत्सव थाना स्टाफ एवं कोटवार स्टाफ ने मनाया। जन्मोत्सव के गीत भी गाए, नारे भी लगाए। प्रारंभ में उपनिरीक्षक प्रताप सिंह ठाकुर ने नवीन कानून की पुस्तकें टेबल पर सजाकर रखी और सम्मुख दीप जलाए, पुष्पहार अर्पित किए। अधीनस्थ ग्रामों के कोटवार उपस्थित रहे।

नवीन कानून पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए टीआई अम्बिका प्रसाद, उपनिरीक्षक प्रताप सिंह ठाकुर, सहायक उपनिरीक्षक जितेंद्र चंद्राकर, तीनों प्रधान आरक्षक सतीश कुमार, पुनिताराम वर्मा, नोहर सिंह आर्य, आरक्षक जयप्रकाश साहू, राजीव दुबे, महेंद्र बंजारे, श्रवण साहू, भीषम करैत, डेमनलाल साहू, राजेश्वर ठाकुर, प्रमोद मंडावी, वेदप्रकाश साहू, खिलेश कुर्रे, रिंकू गुप्ता, धीरेंद्र यादव, नवीन कानून की बधाई दी।







## बिजनेस साइट

### आईटीआई प्रवेश के लिए आवेदन 3 जुलाई तक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त शासकीय आईटीआई में एनसीवीटी दिल्ली एवं एससीवीटी द्वारा मान्यता प्राप्त व्यवसाय/ ट्रेडों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक - 03/07/2024, दिन - गुरुवार है। बी.एम. प्राइवेट आईटीआई, गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग, एनसीवीटी दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था है, जिसके अंतर्गत ट्रेड - कोपा (कंप्यूटर), इलेक्ट्रीशियन, डीजल मैकेनिक, हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर, स्टेनो हिंदी तथा फायर टेक्नोलॉजी एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट कोर्स संचालित है। बी.एम. आईटीआई की स्थापना वर्ष 2015 में हुई है। संस्था का विगत वर्षों का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। आरक्षित वर्ग हेतु संस्था में छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश हेतु निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन बी.एम. आईटीआई, गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग में आकर कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन हेतु वेबसाइट- cgiti.cgstate.gov.in विद्यार्थी फीस सुविधा अनुसार किस्तों में भी जमा कर सकते हैं। यह जानकारी संस्था के प्राचार्य ने दी।




अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बालोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

**खबर संक्षेप**



## ईडी समीर स्वरूप और सीजीएम सुधीर कुमार को दी विदाई

**भिलाई।** सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा कार्यपालक निदेशक समीर स्वरूप और मुख्य महाप्रबंधक सुधीर कुमार के सेवानिवृत्ति पर, भिलाई क्लब में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उन्हें, निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता और कार्यपालक निदेशकों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर श्री दासगुप्ता ने समीर स्वरूप और श्री सुधीर कुमार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में ईडी अंजनी कुमार, एस मुखोपाध्याय, अजय कुमार चक्रबर्ती, डां. अशोक कुमार पंडा, पवन कुमार एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डां. एम रविन्द्रनाथ सहित सेवानिवृत्त समीर स्वरूप और सुधीर कुमार अपने परिवार के साथ उपस्थित थे।श्री दासगुप्ता ने दोनों रिटायर अधिकारियों के योगदान को सराहनीय बताते हुए धन्यवाद दिया। श्री स्वरूप और सुधीर कुमार ने सेल और बीएसपी में सेवाकाल के अनुभव और भविष्य की योजनाओं को साझा किया।

## 108 एम्बुलेंस में गर्भवती ने बेटी को दिया जन्म

**भिलाई।** 108 संजीवनी एक्सप्रेस स्टाफ की सूझबूझ से गर्भवती महिला ने स्वस्थ बेटी को जन्म दिया। सोमवार की सुबह 9 बजे ग्राम भानपुरी ( अंडा) निवासी प्रीति देशमुख उम्र 30 वर्ष ,पति बबलू देशमुख को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने डायल 108 के माध्यम से सूचना दी। सूचना मिलते ही ईएमटी भुनेश्वरी देशमुख और पायलट लिवेन्द्र कुमार तुरन्त घर पहुंचे। घर से आगे निकलते ही 3 किलोमीटर दूर ग्राम कोडिया के पास गर्भवती महिला की प्रसव पीड़ा अत्याधिक बढ़ गई। पायलट लिवेन्द्र ने गर्भवती महिला की स्थिति को देखते हुए एम्बुलेंस को सड़क किनारे सुरक्षित खड़ी की। इसके पश्चात ईएमटी भुनेश्वरी ने अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए सर्वप्रथम ईआरसीपी के माध्यम से डॉक्टर संजय सिन्हा से संपर्क साधा और उनके सलाहनुसार प्रसव प्रक्रिया परिजनों के सहमति उपरांत शुरू की। कुछ देर बाद प्रीति ने बेटी को जन्म दिया। सुरक्षित प्रसव बाद मां और बेटी को पीएचसी हनोदा में भर्ती कराया गया।

## डेंगू की रोकथाम के लिए टाउनशिप में अभियान शुरू

**भिलाई।** बीएसपी टाउनशिप में मच्छरों के प्रकोप को कम करने और डेंगू, मलेरिया की रोकथाम को सुनिश्चित करने के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयारियां की जा चुकी हैं। विभिन्न सेक्टरों में पोर्टेबल फागिंग, वाटर फागिंग, आयलिंग, घरों में टेमीफास का वितरण और बैकलाइन क्षेत्रों में फगिंग एवं दवाओं के स्प्रे का कार्य भी किया जा रहा है। टाउनशिप में डेंगू फैलने की आशंका के मद्देनजर आवश्यक प्रतिबंधात्मक उपायों के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र का जन स्वास्थ्य विभाग एवं नगर पालिक निगम द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

### आयोजन : करियाटोला स्कूल में मुख्यअतिथि ने बच्चों को किया प्रेरित

# जीवन में सफल होना है, तो किताबों से मित्रता कर लो

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुसुमकसा



शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय करियाटोला में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। पहले ही दिन बच्चों को नेवता भोज कराया गया। शिक्षक उमेन्द्र कुमार कौशिक ने अपनी प्रथम पुत्री रत्न प्राप्त होने के उपलक्ष्य में स्कूल में नेवता भोज का आयोजन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय बैस सदस्य जनपद पंचायत डोंडी थे, अध्यक्षता अध्यक्षता गुंजन रामटेके ने की। विशिष्ट अतिथि गणेश राम सेवता, जंगलू राम आर्य, पीलू राम कोमरे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सेवता ने सेवता बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। बच्चों को समय सारिणी का पालन करने और गृह कार्य की महत्ता समझाई।

उसके बाद मुख्य अतिथि संजय बैस ने बच्चों से कहा कि अगर जीवन में सफल होना है, तो किताबों से मित्रता कर लो। किताबों से बढ़कर दुनिया में कोई अच्छा मित्र नहीं हो सकता। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि शिक्षकों के बताए रास्ते पर चलोगे, तो मंजिल अवश्य मिलेगी।



## डेंगरापार में नवप्रवेशी बच्चों का किया गया भव्य स्वागत

**बालोद।** शासकीय प्राथमिक शाला डेंगरापार में कक्षा पहली के नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर व मुंह मीठा कर स्वागत किया गया। साथ ही शाला विकास समिति के सदस्यों ने बच्चों को किताब एवं गणवेश वितरण किया गया। इस अवसर शाला के समस्त शिक्षक व पालकगण उपस्थित थे। उक्त जानकारी शिवराज देवदास ने दी।



## कलंगपुर विद्यालय में प्रवेश उत्सव पर किया पौधारोपण

**बालोद/कलंगपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर में प्रवेश उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण भी किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत कलंगपुर पुष्पा गोविंद सिन्हा थे, अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि विकास जैन ने की। विशेष अतिथि राजेंद्र जैन, विधायक प्रतिनिधि प्रताप जैन, पूर्व जनपद सदस्य शीला साहू, पूर्व सरपंच गोविंद सिन्हा, इंद्रजीत कुल्हारे, रेवती सिन्हा सभी अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर नव प्रवेशी विद्यार्थियों का गुलाल लगाकर और उनका मुंह मीठा करा कर स्वागत किया। इसके साथ ही पुस्तक वितरण किया गया। वहीं, शिक्षा के गुणवत्ता तथा परीक्षा परिणाम के लिए सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई दी।

इस अवसर पर प्राचार्य टीएस कोल्हे ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। वहीं, शिक्षा मंत्री के संदेश का वाचन व्याख्यता वाईके साहू ने किया। कार्यक्रम का संचालन आरएन साहू ने किया। कार्यक्रम में डीएल साहू, टीसी मंडावी, एचएल साहू, डीके साहू, यूके साहू, वीके साहू, आरके साहू, एस सिंघारे, टी आरसाहू, एम धाबे, आर मालवीय, एस विश्वास, ध्रुव, कंचनमाला माहेश्वरी, लता बंदे, मिश्रा, सुनीता देवांगन का सराहनीय योगदान रहा।

## भाजपा नेताओं ने ग्राम बघमरा में लगाए पौधे



**गुण्डरदेही।** प्रदेश भाजपा के निर्देशन में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पंचायत गुण्डरदेही के बघमरा वार्ड एक राम जानकी मंदिर परिसर में मंडल भाजपा पदाधिकारियों ने 101 छायादार व फलदार पौधे लगाए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष दुष्यंत कुमार सोनवानी, जिला सह कोषाध्यक्ष मोहन जैन, पार्षद व किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष टीकाराम निषाद, सौरभ चोपड़ा, थानसिंह मंडावी, हरीश निषाद, नविता साहू, श्रीकांत वर्मा, ललतु निषाद, मदन निषाद, बोधीराम, सुनील निषाद, भुवन लाल, डिलेंद निषाद उपस्थित थे।

## कुरदी में जल शक्ति अभियान के तहत किया गया पौधारोपण



**बालोद/सिकोसा।** ग्राम पंचायत कुरदी में जल शक्ति अभियान के अंतर्गत पौधारोपण, दीवाल लेखन कार्य, व्यक्तिगत सोकपीट का कार्य, मैजिक पीट निर्माण, प्रधानमंत्री आवास के घरों में सोकपीट निर्माण, स्कुली बच्चे तथा स्वसहायता समूह के माध्यम से नारी शक्ति से जल शक्ति अंतर्गत रैली निकाली गई। जल शक्ति अभियान के आयोजन में तहसीलदार प्रीतम साहू, सहायक परियोजना अधिकारी जिला बालोद ओमप्रकाश साहू, एनआरएलएम जिला बालोद नितेश साहू, स्वच्छ भारत मिशन परियोजना अधिकारी जिला बालोद प्रवीण ठाकुर, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गुण्डरदेही महेन्द्र जांगडे. एवं सोमनाथ साहू, योगेश देवांगन कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, ब्लॉक प्रोमाम मैनेजर बिहान संतराम हिडको, समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन जनपद पंचायत गुण्डरदेही दिनबंधु देशमुख, तकनीकी सहायक मनरेगा जनपद पंचायत गुण्डरदेही राकेश कुमार चंद्राकर, सरपंच ग्राम पंचायत कुरदी संजय साहू, सचिव ग्राम पंचायत कुरदी राजेन्द्र पिपरिया, रोजगार सहायक ग्राम पंचायत कुरदी भुपेश साहू, मेट, स्व सहायता समूह कि महिलाएं एवं ग्रामीण तथा स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

## सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम सतमरा में लगाए गए पौधे



**गुण्डरदेही।** प्रदेश भाजपा के आव्हान पर व जिला नेतृत्व के निर्देशन पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा मंडल गुण्डरदेही के अध्यक्ष दुष्यंत कुमार सोनवानी ने अपने बूथ क्रमांक 285 ग्राम सतमरा में एक पेड़ (बेल वृक्ष) मां के नाम और एक पेड़ (आम का वृक्ष) पिता जी के नाम गांव के शनिदेव मंदिर परिसर में लगाया। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के मण्डल महामंत्री भोजराम साहू, बूथ अध्यक्ष राजेंद्र सेन चेतन साहू, भूषण साहू, विष्णुकांत साहू, अजीत साहू, पन्नालाल साहू, दीनू साहू, ऋषभ विश्वकर्मा, फ़लेश यादव, सतीश यादव, कमल नारायण साहू, खोमेश साहू, दिग्विजय साहू भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।





## शासकीय विद्यालय गोड़ेला में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**बालोद।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोड़ेला में शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों, शाला प्रबंधन विकास समिति के पदाधिकारियों, तथा पालकों की उपस्थिति में प्रवेश उत्सव मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन अर्चन करके किया गया, अतिथियों के स्वागत पश्चात प्रवेशोत्सव कार्यक्रम की अवधारणा तथा अतिथियों का स्वागत अभिभाषण प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला आरके हिरवानी ने किया। तत्पश्चात नव प्रवेशी कक्षा पहली और छठवीं के बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा मिठाई खिलाकर उनके प्रवेशोत्सव को



यादगार बनाने के लिए हाथों की रंगीन छाप ली गई, जिसे उनकी कक्षा में लगाया जायेगा। अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को पाठ्य–पुस्तक तथा गणवेश देकर विद्यालय परिवार का हिस्सा बनने और दैनिक उपस्थिति देते हुए अच्छा पढ़ाई करने का आशीर्वाद दिया गया।

अतिथियों द्वारा अपने उद्बोधनों में शिक्षा की गुणवत्ता और आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। मुख्यमंत्री और शिक्षामंत्री के संदेश का वाचन शिक्षिका प्रतिभा त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम का आभार प्रधान पाठक प्राथमिक शाला शोभाराम देवांगन द्वारा किया गया। विद्यालय के छात्रों को प्रवेशोत्सव में स्टाफ द्वारा खीर, पूड़ी और मिठाई के साथ न्योता भोज खिलाया गया।

प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में एसएमसी अध्यक्ष सत्यवती गायकवाड़, साधना गायकवाड़, संतोष कुर्रे, जोहन बंजारे, सरपंच रामेश्वर ठाकुर तथा स्टाफ से संतोष शर्मा, दोमन लाल ठाकुर, सनत देशमुख तथा पालक उपस्थित थे।

## प्रवेशोत्सव पर मुंदेरा स्कूल में दिया गया न्योता भोज

**बालोद/कलंगपुर।** सोमवार को शाला प्रबंधन समिति द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला मुंदेरा के विद्यार्थियों को न्यौता भोज कराया गया। साथ ही कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। यहां बच्चों को न्यौता भोज में केला, सेब, हलवा, पापड़ एवं सलाद दिया गया। इस दौरान



कक्षा आठवीं उत्तीर्ण छात्रों को सरपंच कमलेश्वर साहू, एमएल. गौतम, उप सरपंच किलेश्वर साहू के द्वारा उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष माध्यमिक गौतम सिंह धनकर, अध्यक्ष माध्यमिक देवनारायण साहू, अध्यक्ष प्राथमिक तामेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष जागेश्वर सेन, उपाध्यक्ष सरस्वती सारथी, धिराज सिंह साहू, पंच प्रतिनिधि शिवदास साहू, धर्मेंद्र साहू, भानुप्रिया सेन, भगवानी राम साहू, फागुराम, एशनी बाई, देवबती ठाकुर, पूजा ठाकुर, आशा चंद्राकर, मिथलेश चंद्राकर, पंच प्रतिनिधि राजेश्वरी साहू, खेमलाल साहू, चिन्तेश्वरी साहू, पूर्णिमा साहू सहित शाला प्रबंधन समिति प्राथमिक एवं माध्यमिक विभाग के सदस्य व ग्रामीण एवं शिक्षक उपस्थित थे।

## पूर्व माध्यमिक शाला चंदखुरी में मनाया गया प्रवेश उत्सव



**अंडा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चंदखुरी में संकुल स्तरीय प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों को पुस्तकें एवं शाला गणवेश का वितरण किया। बच्चों को अतिथियों ने कहा कि मनुष्य का जीवन में महत्वपूर्ण पल विद्यार्थी जीवन होता है। बच्चे सदैव नियमित विद्यालय आकर अध्ययन कर माता पिता, गांव और देश का नाम रौशन करे। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख प्राचार्य शिखा मिश्रा, रश्मि पाठक व्याख्याता, हेमलता देशमुख सरपंच, दीपिका चंद्राकर जनपद सदस्य, खेमलाल चंद्राकर उपसरपंच, भूपेन्द्र साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, योगेश चंद्राकर उपाध्यक्ष, बीआर साहू प्रधान पाठक चंदखुरी, कपूर सिंह प्रधान पाठक कोनारी, सरिता जायसवाल पीसेगांव, बेना निषाद, गुलाब देवांगन प्रा. शाला चंदखुरी, नूतन निर्मलकर पंच, लता चंद्राकर, दुर्गा देशमुख, दुष्यंत चंद्राकर शिक्षाविद, त्रिभुवन देशमुख, चेतन साहू, विजयलक्ष्मी पाटिल, सरिता पालरकर, योगेश्वरी हरमुख, संतोष शर्मा, स्वाति प्रसाद, पुष्पलता गजेन्द्र शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## घीना में मना संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव

**बालोद।** संकुल घीना का संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शामिल हुए। माँ सरस्वती के पूजन वंदन से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ तथा नव प्रवेशी बच्चों को पुस्तक, गणवेश एवं कम्पास बॉक्स प्रदान किया गया। बच्चो के भाल में गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा स्कूल चले हम गीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष डौडी लोहारा पोषण बनपेला थे। विकास खंड



शिक्षा अधिकारी डोंडी लोहारा हिमांशु मिश्रा ने अध्यक्षता किये। विशेष अतिथि में जनपद पंचायत सदस्य डोंडी लोहारा फिरनता उइके, नरेंद्र निषाद, डालचंद जैन, थाना प्रभारी सुरेगांव इंदिरा वैष्णव, आस पास के सरपंच जो संकुल क्षेत्र में आते हैं। प्राथमिक माध्यमिक एवं हाई स्कूल शाला तथा पालक तथा ग्राम पंचायत के पंच उपस्थित रहे। विद्यालय प्राचार्य एमएल ठाकुर द्वारा शाला की आवश्यकता एवं विद्यालय के विशेष सफल को अपने उदबोधन में रखे। समस्त अतिथियों को स्वल्पाहार ग्रहण पश्चात बिदा किये। आभार एलुके तारेंद्र ब्याख्याता घीना ने की। कार्यक्रम का संचालन एके वर्मा ब्याख्याता घीना ने किया। शाल व श्रीफल भेंट कर अतिथियों का सम्मान किया गया। समन्वयक परमानन्द साहू घीना उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण कराया गया, उक्त जानकारी रूपसिंह रावटे ने दी।

## नए कानून से मिलेगा फरियादियों को न्याय

**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत थाना नेवई में आयोजित तीन नये परिवर्तित कानून के शुभांरभ मुख्य अतिथि विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक चंद्राकर ने कहा कि रविवार रात बारह बजे से यानी एक जुलाई की तारीख शुरू होने के बाद घटित हुए सभी अपराध नये कानून में दर्ज किये जाएंगे। एक जुलाई से देश में आईपीसी, सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह तीन नये कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनिमय लागू हो रहा है ।

**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ऐक्जिमा, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

### सदन में हिन्दुओं के अपमान का लगाया आरोप

# भाजयुमो ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अंडा अटल चौक में उतई मंडल में राहुल गांधी का पुतला फूंका गया। भाजपा युवा मोर्चा के सदस्यों ने कहा कि देश के संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हिंदू धर्म को सनातनियों को संसद भवन में अपशब्द कहे। उसके विरोध में युवा मोर्चा द्वारा राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया।

इसमें युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण यदु भाजपा मंडल अध्यक्ष फते वर्मा भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री अजीत चंद्राकर महामंत्री उतई मंडल पुकेश चंद्राकर सोनु राजपूत भाजपा कार्यकर्ता तिलक चंद्राकर हुबलाल चंद्राकर सतीश चंद्राकर सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर महामंत्री युवा मोर्चा दिनेश कुमार करण सेन लोकेश देवांगन उपाध्यक्ष हरीश यादव गोविंद निर्मलकर दानेश्वर दिनेश पटेल नीलकंठ सेन खोरवाहरा निर्मलकर शुभम वर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। महामंत्री अजीत चंद्राकर ने कहा कि जिस प्रकार देश के सर्वोच्च सदन में विपक्ष के नेता द्वारा हिंदू धर्म को लेकर अपशब्द कहा गया, वह यही दर्शाता है कि वह हिंदू विरोधी हैं। अगर वाकई भारत के लोकतंत्र को मानते हैं तो तत्काल देश से माफी मांगें। भाजपा मंडल अध्यक्ष फते वर्मा ने कहा कि उसकी यह शैली परिपक्वता पर प्रश्न चिन्ह लगाता है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी तत्काल हिंदू धर्म और सनातनियों से माफी मांगें। कार्यक्रम को लेखुदास साहू ने कहा कि कांग्रेस शुरू से ही हिंदू विरोधी है, जब भी विवाद खड़ा करना होता है तो धर्म के बारे में बात करते हैं। पुतला दहन उतई मंडल के ग्राम अंडा के अटल चौक में हुआ।

## टाउनशिप के सिवरेज व पाइप लाइन का हो संधारण

**भिलाई।** टाउनशिप की बुनियादी समस्याओ को लेकर भिलाई निगम भिलाई के पार्षदों के प्रतिनिधिमण्डल नगर सेवा विभाग के महाप्रबंधक प्रभारी विजय शर्मा से नगर सेवा भवन में मिलकर ज्ञापन सौंपा । जीएम ने निदान का भरोसा दिलया।

**कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर**
**कॉस्मेटिक सर्जरी**
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
**अति विशेष चिकित्सा.**
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

**मधुमेह**
का सर्वोत्तम संस्थान
**लाइफवर्थ हॉस्पीटल**
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371